अमर उजाला 09/02/2026

निःशुल्क चिकित्सा शिविर में जांचे नेत्र

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत खुड्डा कलां गांव में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ प्रातः प्रार्थना, एनएसएस गीत और योगाभ्यास से हुआ। कॉर्निया विशेषज्ञ डॉ. परनीत के नेतृत्व में मलकीत, प्रीति, चंचल और रूपाली की टीम ने ग्रामीणों व बच्चों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। डॉ. परनीत ने बताया कि शिविर में जांच करवाने वाले मरीजों को आगे भी निशुल्क फॉलो-अप व उपचार की सुविधा दी जाएगी। संवाद